# षोडश

# बिहार विधान-सभा

## पंचम सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 18 फाल्गुन, 1938 (श0) / 09 मार्च, 2017 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 123**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग .. .. | 18 |
| (2) | नगर विकास विभाग .. .. | 43 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग .. .. | 18 |
| (4) | कृषि विभाग .. .. | 16 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग .. .. | 20 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग .. .. | 04 |
| (7) | सहकारिता विभाग .. .. | 04 |
| | कुल योग — | 123 |

सड़क का निर्माण

*1281. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत घोघरडीहा के महादलित बस्ती दिघिया टोल में अभीतक पक्की सड़क नहीं बनी है, जिससे उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कोसी निरीक्षण भवन, घोघरडीहा पी0डब्लू0डी0 रोड से दिघिया टोल तक सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त करना

*1282. श्री शम्भुनाथ यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत सेमरी प्रखंड के पैगम्बरपुर पंचायत के ग्राम-नगरपुरा में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण किया गया है, जबकि पैगम्बरपुर से धनईपुर, नगरपुरा, निझौला मुख्य सड़क खरहाटाण में जोड़ने का प्रस्ताव है, साथ ही वर्ष 2009 में तत्कालीन जिला पदा0, बक्सर ने उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त करने का आदेश दिया था जो आजतक मुक्त नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक अतिक्रमण मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रयोगशाला स्थापित करना

*1283. श्री रामविलाश पासवान--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखंड में मिट्टी जाँच प्रयोगशाला नहीं होने के कारण किसान बिना मिट्टी जाँच के ही खेती करते हैं जिससे फसल का उत्पादन दर कम होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में कबतक मिट्टी जाँच प्रयोगशाला स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाजार का स्थानान्तरण

*1284. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया शहर के केदारनाथ मार्केट स्थित थोक बाजार को जाम एवं अतिक्रमण के कारण गया के चन्दौती स्थित बाजार समिति प्रांगण में स्थानान्तरित करने का निर्णय 1992 ई0 में लिये जाने के बावजूद अबतक इसे वहाँ स्थानान्तरित नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो उक्त थोक बाजार को वर्णित प्रांगण में स्थानान्तरित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

पार्किंग की व्यवस्था

*1285. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के नगर पंचायत बैरगनियाँ में पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहने के कारण आम नागरिकों, ऑटो चालकों तथा अन्य के द्वारा सड़क किनारे वाहन लगाने के कारण सड़क पर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार बैरगनियाँ नगर पंचायत क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नालों का निर्माण

*1286. श्री वीरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा नगर पंचायत के नगर सीमा गोशाला के आगे से ऊँची मोड़ तक दोनों साइड एवं भागीरथी रोड गुप्ता बाँध से मेन चौक तक सड़क में नाला नहीं रहने से जल-जमाव हो जाता है जिसके कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नालों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुलभ शौचालय का निर्माण

*1287. डॉ0 राजेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया नगर पंचायत में केसरिया बौद्ध स्तूप है जिसको देखने देश-विदेश के पर्यटक आते हैं लेकिन पर्यटकों के लिये सुलभ शौचालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार बौद्ध स्तूप एवं केसरिया चौक पर पर्यटकों के लिये सुलभ शौचालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मीनार चालू नहीं कराने का औचित्य

*1288. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघल बैंक प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के आयरनयुक्त जल से मुक्ति हेतु वर्ष 2011 में जलमीनार बनाया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार के निर्माण के साथ उक्त प्रखंड क्षेत्र में पाइप भी बिछायी गयी एवं पक्कीकरण कार्य कर नल भी लगाया गया है लेकिन आजतक उक्त जलमीनार को चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

जमीन का दखल कब्जा दिलाना

*1289. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला ग्राम पंचायत का ग्राम बनियड्डा में बिहार सरकार द्वारा वर्ष 1970-71 में दलित भूमिहीन स्व0 सदरी पासवान एवं स्व0 सैरू पासवान को .033 एवं .033 डी0 जमीन का भूदान के तहत पर्चा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमीन का वर्ष 2008 तक ही रसीद पर्चाधारी के नाम से काटा गया है एवं जमीन की मापी भी की गई थी, लेकिन दखल-कब्जा अबतक नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्चाधारी के परिजनों को जमीन दखल-कब्जा दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*1290. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड उचकागाँव के पंचायत राज बलेसरा के ग्राम बलेसरा में जलमीनार बनाने का कार्य लगभग तीन वर्ष पहले शुरू हुआ, पर अभीतक पूरा नहीं हो पाया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार का कार्य पूरा नहीं होने के कारण आम-जनता को पेयजल की आपूर्ति में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलमीनार निर्माण में विलम्ब के लिए संबंधित जिम्मेवार पदाधिकारियों एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए निर्माण शीघ्र पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सक की पदस्थापना

*1291. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया पखण्ड में पशु अस्पताल है, परन्तु पशु चिकित्सक की पदस्थापना नहीं रहने के कारण पशुपालकों को ईलाज के क्रम में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में पशु चिकित्सक की पदस्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण कार्य पूरा कराना

*1292. श्री (डॉ0) सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ सोहसराय स्थित सूर्यमंदिर के बगल में पनचाने नदी के पूर्वी और पश्चिमी छोर को जोड़ने हेतु इन्द्रधनुषी पुल निर्माण एवं सूर्यमंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण की अनुशंसा मुख्यमंत्री नगर विकास योजनान्तर्गत प्रश्नकर्ता सदस्य ने 2013 में की थी, जिसकी वर्ष 2013 में स्वीकृति भी मिल चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृति के बावजूद पुल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य अभीतक कार्यान्वित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

पद का सृजन

*1293. श्री वशिष्ठ सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नगर पंचायत कोचस में कार्यपालक पदाधिकारी को छोड़कर अन्य किसी कर्मियों का पद सृजित नहीं होने के कारण आम-जनता एवं कार्यालय का कार्य नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार नगर पंचायत कोचस, रोहतास में कार्यालय कर्मियों का कबतक पद सृजित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*1294. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मीनापुर प्रखण्ड में नीलगाय से हर साल हजारों हेक्टेयर फसल बर्बाद होता है, यदि हाँ, तो कृषकों को मुआवजा देने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---

प्रतिनियुक्त करना

*1295. श्रीमती भागीरथी देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 नवम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''नेट वेट और रेट की उड़ रही धज्जियाँ'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामनगर एवं गौनाहा में पिछले 7 (सात) वर्षों से प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पद रिक्त है, जिससे आम लोगों को कम माप का शिकार होना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

पानी मुहैया कराना

*1296. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के शिवसागर प्रखण्ड स्थित रायपुर चौर में पुरानी पानी टंकी है जो अभी बन्द है, जिससे 70 प्रतिशत ग्रामीणों के घर तक जल नहीं पहुँचने के कारण ग्रामीणों को पीने का पानी नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार नये सिरे से पानी टंकी का निर्माण कराकर पाइप बिछाकर सभी ग्रामीणों को कबतक पीने का पानी मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सा पदाधिकारी का पदस्थापन

*1297. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखण्ड पुरैनी के अधीन प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सक पदाधिकारी का पद वर्षों से रिक्त है, जिससे आम पशुपालकों को काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार प्रखण्ड पुरैनी में बी०ए०एच०ओ० तथा टी०भी०ओ० के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

नगर सभागार बनाना

*1298. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई अनुमण्डल में एक भी नगर सभागार नहीं है, जिससे लोगों को सामुदायिक कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार बारसोई में कबतक एक नगर सभागार बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

शौचालय का निर्माण

*1299. श्री बृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत चैनपुर प्रखण्ड के चैनपुर चाँद, भगवानपुर, अधौरा बाजार में सुलभ शौचालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर शौचालय का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

अतिक्रमण मुक्त करना

*1300. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मिर्जापुर का खेल मैदान का 58 डीसमील जमीन उसी गाँव के एक व्यक्ति ने अतिक्रमित कर रखा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उसे अतिक्रमणमुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु-अस्पताल में सम्पूर्ण व्यवस्था करना

*1301. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी विधान-सभा स्थित नौहट्टा, रोहतास, शिवसागर के प्रखंडों में पशु अस्पताल, भवन, डाक्टर एवं प्राकृतिक गर्भाधान की व्यवस्था नहीं है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में खंड (1) में वर्णित सभी व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

फसल की क्षतिपूर्ति

*1302. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गत वर्ष के भीषण बाढ़ से किशनगंज जिला के ठाकुरगंज एवं दिघल बैंक प्रखण्डों के सैकड़ों कृषकों का फसल क्षतिग्रस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों के कृषकों को क्षतिग्रस्त फसल की क्षतिपूर्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषियों पर कार्रवाई

*1303. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा नगर निगम में 18 माह पूर्व राज्य सरकार की राशि से दरभंगा शहर की सफाई हेतु 24 लाख की लागत से एक सक्शन सहजेटिंक मशीन एवं 60 लाख की लागत से दो कम्पेक्टर मशीन खरीदी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित मशीन खरीदने के 18 माह बाद भी एक दिन भी इसका उपयोग नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित मशीन का परिचालन सुनिश्चित करने एवं बंद के लिये दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

मुआवजा देना

*1304. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 7.25 लाख हेक्टेयर जमीन में दलहन की खेती होती है तथा सरकार ने 7.35 लाख टन दलहन उत्पादन का लक्ष्य भी रखा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दलहन का फसल ठंड से बुरी तरह प्रभावित हुआ, जिसमें 313 करोड़ रुपये के नुकसान होने की संभावना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दलहन की खेती में संभावित नुकसान के लिये किसान को मुआवजा देना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

समर्थन मूल्य पर धान क्रय

*1305. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 में 15 नवम्बर, 2016 से धान की खरीद प्रारम्भ करने एवं 30 लाख टन से अधिक खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन 53 दिन बीतने के बाद अब तक 7 जनवरी, 2017 तक मात्र 60 टन ही धान की खरीद हो पाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धान के खरीद का सरकारी समर्थन मूल्य पर धान की कीमत 1470 रुपया निर्धारित था, परन्तु धान खरीद नहीं होने से बाजार में 1000 से 1100 रुपये प्रति क्विंटल धान किसान बेचने पर मजबूर हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार किसान का धान उचित मूल्य यानि सरकारी समर्थन मूल्य पर खरीदने का विचार विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार चालू कराना

*1306. श्री नरेन्द्र नारायण यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला मधेपुरा अन्तर्गत प्रखंड आलमनगर के अधीन आलमनगर थाना चौक एवं एन० के० एम० उच्च विद्यालय आलमनगर में जल-मीनार वर्षों से बनकर तैयार है, परन्तु अभीतक आमलोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त दोनों जल मीनारों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1307. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली नगर पंचायत के भवन का निर्माण कार्य विगत् एक वर्ष से बन्द है, जबकि भवन का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार आधा हुआ है, यदि हाँ, तो उक्त भवन का पूरा निर्माण करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

धान क्रय केन्द्र खोलना

*1308. श्रीमती कुन्ती देवी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड में अभीतक धान क्रय केन्द्र नहीं खोला गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि किसान औने-पौने भाव में धान बेचने को विवश हो रहे है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीमचक बथानी प्रखंड में धान क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नगर पंचायत का दर्जा

*1309. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखंड का बारून बाजर में अंचल, थाना विद्युत् कार्यालय, रेलवे स्टेशन, औद्योगिक प्रांगण के आलावा 90 प्रतिशत व्यापारी अपना कार्य-कलाप करते हैं, नगर पंचायत हेतु सभी मानक पूरा करता है साथ ही प्रखंड मुख्यालय भी है, यदि हाँ, तो सरकार बारून पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा कबतक देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रोशनी की व्यवस्था

*1310. सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान --क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड के गेड़ाबाड़ी हाट की बन्दोबस्ती प्रत्येक वर्ष अनुमंडल पदाधिकारी, कटिहार द्वारा की जाती है, जिससे सरकार का लाखों रुपये राजस्व की प्राप्ति होती है, परन्तु यहाँ साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था 10 वर्षों से नहीं है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

भवन का निर्माण

*1311. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के पुपरी प्रखंड में श्री चितरंजन गौशाला 20 एकड़ जमीन में फैला हुआ है, परन्तु भवनविहीन है, यदि हाँ, तो यहाँ भवन निर्माण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

खाली कराना

*1312. श्री नारायण प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बैरिया अंचल के सिंगही गाँव में पंचायत भवन से सटे दक्षिण दिशा में सरकारी जमीन पर अवैध भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी सूचना प्रश्नकर्ता एवं ग्रामीणों ने जुलाई, 2016 में अंचलाधिकारी, बैरिया को लिखित एवं दुरभाष पर दी थी लेकिन उसपर कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है, यदि हाँ, तो सरकार अतिक्रमित सरकारी जमीन को कबतक खाली कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथों का चौड़ीकरण

*1313. श्री प्रकाश वीर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के गर्दनीबाग में धरना स्थल पर धरना-प्रदर्शन होने पर रास्ता जाम हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धरना वाले पथ से जुड़े अन्य सम्पर्क पथ संख्या 10 तथा पथ संख्या-3, 4 एवं 5 का चौड़ीकरण कर एवं अतिक्रमण हटाकर जाम से छुटकारा दिलाया जा सकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथों का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि मुहैया कराना

*1314. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर नगर निगम मे सबके लिये आवास योजना के तहत कुल 49 वार्ड से अभीतक लगभग 5000 आवेदन प्राप्त हुये है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राप्त आवेदन में कुल 769 ही आवेदन स्वीकृत की जा सकी है तथा वर्तमान समय तक केवल 556 व्यक्तियों को ही कार्य आदेश तथा आंशिक राशि मुहैया कराई जा सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच कराकर मानक के अनुरूप आवेदन को स्वीकृत कर आवेदकों को राशि मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पशु चिकित्सा केन्द्र का निर्माण

*1315. श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत अलीगंज प्रखण्ड में एक भी पशु अस्पताल नहीं होने के कारण उक्त प्रखण्ड के पशुपालकों को पशु संबंधी चिकित्सा में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड मुख्यालय में एक पशु अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का जीर्णोद्धार

*1316. श्रीमती भागीरथी देवी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 जनवरी, 2017 में छपे शीर्षक ''अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा राजस्व कचहरी भवन'' के आलोक में क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामनगर का राजस्व कचहरी भवन पिछले 20 वर्षों से जर्जर है तथा यह भवन हल्का कर्मचारियों के लिये कार्यालय के रूप में इस्तेमाल होता था, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*1317. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 15 नवम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''तरियानी प्रखंड के नरवारा पशु चिकित्सक केन्द्र का बुरा हाल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत तरियानी प्रखंड स्थित नरवारा पशु चिकित्सक केन्द्र में चिकित्सक, दवा व संसाधनों के अभाव में पशुपालक हताश व परेशान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पशु चिकित्सक केन्द्र के प्रभारी पिपराही, पुरनहिया आदि चिकित्सालय के प्रभार में भी है, जिसके कारण पशुओं को निरन्तर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड (1) एवं खंड (2) में वर्णित संसाधन की पूर्ति एवं स्थायी चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## दूध संग्रह क्षमता बढ़ाना

*1318. श्री मुद्रिका प्रसाद राय--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बल्क मिल्क कूलर की दूध संग्रह की क्षमता कम रहने से स्थानीय दुग्ध संग्रह समितियाँ दूध को कम दामों पर स्थानीय दूकानदारों को बेचने पर विवश हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित प्रखण्ड में स्थापित बल्क मिल्क कूलर की दूध संग्रह क्षमता को बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाले का निर्माण

*1319. श्री विद्यासागर केशरी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज नगर परिषद् में पड़नेवाली कृषि उत्पादन बाजार समिति की स्थिति काफी समय से नारकीय है तथा बाजार समिति के अर्धनिर्मित भवन, बिजली, सड़क एवं नाले नहीं बनने के कारण सालों भर कीचड़ एवं गन्दगी रहने से बाजार समिति में दूकान करने वाले व्यवसायी एवं आनेवाले ग्राहकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कृषि उत्पादन बाजार समिति का सौन्दर्यीकरण के साथ कबतक अर्धनिर्मित भवन, सड़क, नाले का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## अधिकारी की प्रतिनियुक्ति

*1320. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर अंचल के अंचल अधिकारी जिनपर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर रहते हुये उन पर गबन का आरोप है एवं एफ०आई०आर० दर्ज है, जो फरार चल रहे हैं एवं चार माह से पद रिक्त है एवं कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार इनके स्थान पर कबतक दूसरे अंचल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अच्छे नस्ल के गाय का पालन

*1321. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मुख्यालय मोतिहारी के हेन्दरी बाजार, माई स्थान रोड में लगभग 4 एकड़ के जमीन में गौशाला का बहुत बड़ा भू-खण्ड परती अवस्था में है;

(2) क्या यह बात सही है कि गौशाला की खेती योग्य लगभग 10 एकड़ से ज्यादा जमीन शहर एवं ग्रामीण इलाकों में स्थित है, जिसका राजस्व गौशाला के अध्यक्ष, अनुमंडल पदा०, सदर द्वारा राजस्व के रूप में जमा किया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गौशाला का विकास कराते हुये अच्छे नस्ल के गायों का पालन कर दूध का उत्पादन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नाला का निर्माण

*1322. श्री (मो०) नेमातुल्लाह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली नगर पंचायत के मुख्य सड़क पर नाला निर्माण नहीं होने के कारण जल-जमाव हो जाता है, जिसके कारण आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाला का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कब्जा हेतु कार्रवाई

*1323. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी प्रखण्ड के पंचायत मनोहरपुर, टोला केलाबाड़ी (मुसहरी टोला) में वर्ष 1955 में भू-दान यज्ञ कमिटी के द्वारा 194 परिवार को जीवन बसर करने हेतु जमीन दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 से भू-दान यज्ञ कमिटी के द्वारा पुनः दान में दिये गये जमीन को जबरन कब्जा किये जाने के कारण केलाबाड़ी (मुसहरी टोला) में 194 परिवार जमीन के अगल-बगल झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर कार्रवाई करने एवं 194 परिवारों की जमीन पर कब्जा बरकरार रखने की दिशा में कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

हाई मास्ट लाइट लगाना

*1324. श्री (मो०) तौसीफ आलम--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक "शोभा की वस्तु बनी हाई मास्ट लैंप" के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरपुर नगर पंचायत में विगत 5 वर्षों पहले नगर विकास योजना के तहत झांसी रानी चौक, अली हुसैन चौक, गोपाल चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहे पर लाखों की लागत से हाई मास्ट लाइट लगाया गया था, जो चार माह में ही बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त हाई मास्ट लाईट लगाने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुये पुनः हाई मास्ट लाइट कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण को हटाना

*1325. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा के जैतापुर, कोठी टोला जो अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की बस्ती है, प्रखंड मुख्यालय रामगढ़वा के लिये आवागमन का मात्र एक सड़क डोरवा नदी के किनारे से है, जिसका विगत पन्द्रह वर्ष से अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित डोरवा नदी के किनारे के सड़क पर किये गये अतिक्रमण को कबतक हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

अतिक्रमण हटाना

*1326. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नगर परिषद्, सहरसा अन्तर्गत वार्ड नं० 8 सूर्या क्लीनिक से पूरब नगर परिषद् की दो एकड़ जमीन विशुन साह, सुनील चौधरी, शंभु दास, चानो साह एवं शंकर दास द्वारा घर बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे वहाँ का आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन से कबतक अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पहुँच पथ का निर्माण

*1327. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत मौजा मुसापुर, बंगरा (सोनवर्षा) एम०के० ट्रेडर्स से भाया हरि साह के घर होते हुये राधे रजक के घर तक सम्पर्क-सह-पहुँच पथ नहीं होने से वहाँ के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ऊपर वर्णित सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का कबतक निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सीमेन की व्यवस्था

*1328. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के चकाई प्रखण्ड स्थित मुख्यालय में पशु चिकित्सा अस्पताल में बकरियों एवं भेड़ियों के लिये सीमेन की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त उपलब्धता कराने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नालों का निर्माण

*1329. श्री वीरेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा नगर पंचायत के एन0एच0 28 चौक से रेलवे लाइन तक एवं एन0एच0 28 चौक से रेलवे गुमटी नम्बर 14 तक सड़क के किनारे नाला नहीं रहने के कारण आम लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नालों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*1330. श्री विरेन्द्र कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक 2053, दिनांक 16 जुलाई, 2014 द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 में नगर पंचायत, दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद को चतुर्थ राज्य वित्त आयोग द्वारा प्राप्त कराये गये 41,85,597 लाख की राशि दाउदनगर के मौलाबाग स्थित डॉ0 राम परिखा यादव के आवास से दर्पण स्टूडियो तक नाला निर्माण का स्पष्ट निर्देश दिया गया था, परन्तु अभीतक नाला निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नाला निर्माण कराते हुये विलम्ब हेतु दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला बनवाना

*1331. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत किशनगंज नगर परिषद् के फरिंगगोरा वार्ड नं0 9 एवं 10 एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में जल निकासी के लिये नाला नहीं है, जिसके कारण वर्षा के मौसम में जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक नाला बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण हटाना

*1332. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली प्रखण्ड अन्तर्गत सुगौली संधि स्थल की भूमि जिसमें प्राचीन मंदिर अवस्थित है, का विगत दस वर्षों से अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार सुगौली संधि स्थल की अतिक्रमित भूमि से कबतक अतिक्रमण हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रचार-प्रसार करना

*1333. डॉ0 मेवालाल चौधरी—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा कार्यान्वित किये जा रहे अनेक मत्स्य पालन योजना में सामूहिक जीवन दुर्घटना बीमा योजना शामिल है, परन्तु मुंगेर जिला के तारापुर विधान-सभा क्षेत्र में इस कार्यक्रम का पदाधिकारियों द्वारा कोई भी प्रचार-प्रसार नहीं होने से लाभुक इससे वंचित हैं, यदि हाँ, तो उसके प्रचार-प्रसार हेतु सरकार की क्या योजना है ?

------------

बोरिंग चालू कराना

*1334. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया नगर में श्री कृष्ण चौक एवं प्रखंड के निकट बोरिंग किया गया, किन्तु टंकी में लिकेज होने के कारण दोनों बोरिंग विगत चार वर्ष से बंद है, जिससे वहाँ के लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बोरिंग को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पेयजल आपूर्ति करना

*1335. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणं विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बारून प्रखण्ड अन्तर्गत सुन्दरगंज एवं बारून में पिछले 2 वर्षों से टंकी द्वारा पेय जलापूर्ति बन्द है, जिससे जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलमीनार से कबतक जलापूर्ति कराकर शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1336. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी सेक्टर 6 जो पुराना अगमकुआँ थाना के समीप ब्लॉक नं0 7 (एल0 आई0 जी0) एवं ब्लॉक नं0 8 (एम0आई0जी0) शिव मंदिर के बगल से लिटिल फ्लावर स्कूल होते हुये प्लॉट नं0 6H '4 (कृष्णनील) तक है, का सड़क जर्जर है, जिससे आमजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पी0सी0सी0 करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध की मरम्मती एवं चौड़ीकरण

*1337. श्री (मो०)आफाक आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा नगर पंचायत कसबा एन० एच० 57 से महावीर चौक तक होते हुये मोहनी चौक बाँध कच्ची है। बाँध कच्ची होने से वर्ष 2012 में बाँध का आधार एवं वर्ष/2014 में बाँध पूर्णत: टूट गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाँध की मरम्मती एवं चौड़करण कबतक, कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

नाला का निर्माण

*1338. श्री रामबालक सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर अन्तर्गत चितकोहरा ओवर ब्रीज (बैंक हार्डिंग रोड) से 15 नम्बर ओवर ब्रीज तक कच्ची नाली है;

(2) क्या यह बात सही है कि बैंक हार्डिंग रोड में विधायक आवास एवं विहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड कार्यालय अवस्थित है परन्तु बरसात के दिनों में कैम्पस एवं सड़क पर पानी जम जाता है, जिससे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सरकार बैंक हार्डिंग रोड में पक्का नाला बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

पथ का निर्माण

*1339. श्री अखतरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत अंचल जितवारपुर मौजा नीरपुर के वार्ड नं० 5 (दलित टोला) में मुख्य सड़क (ब्रह्मस्थान) से तेजन पासवान के घर तक यातायात हेतु सम्पर्क-सह-पहुँच पथ नहीं होने के कारण आमलोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोला में जाने हेतु सम्पर्क-सह-पहुँच पथ का कबतक निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुल का निर्माण

*1340. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत नगर पंचायत घोघरडीहा स्थित गोनही टोल की आबादी 1500 है परन्तु पुल के आभाव में सालों भर लोग चचरी के सहारे पश्चिम कोसी तटबंध-सह-सड़क पर आते-जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित जगह पर आर०सी०सी० पुल का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*1341. श्री अचमित ऋषिदेव— क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के बरबन्ना में ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना से उच्च प्रदायी नलकूप, पम्पगृह, राइजिंगमेन, जल वितरण प्रणाली, जलमीनार, स्टैण्डपोस्ट, ट्रान्सफॉर्मर, विद्युत् संयोजन, क्लोरिनेटर, एप्रोच रोड, एम० एस० गेट, कम्पाउण्डवॉल, आई आर पी का निर्माण कार्य प्राक्कलित राशि 222.19989 लाख रुपया से दिनांक 25 फरवरी, 2015 से प्रारंभ कराया गया है, जिसमें वर्ष 2015-16 में 59.57410 लाख एवं जून, 2016 तक 13.65877 लाख रुपये व्यय किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना से 24 फरवरी, 2016 तक जलापूर्ति कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जबकि अबतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विलंब के लिये जिम्मेवार पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने एवं जलापूर्ति प्रांरभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1342. श्री (डॉ०) सी० एन० गुप्ता— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत छपरा नगर पंचायत में जिला शहरी विकास योजना द्वारा छपरा नगर थाना से लेकर दरोगा राय चौक एवं दरोगा राय चौक से लेकर गाँधी चौक तक नाला, सड़क चौड़ीकरण एवं फुट-पाथ निर्माण नवम्बर, 2016 में कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थानों पर नाला के निर्माण के बावजूद पानी का निकासी नहीं हो रहा है, साथ ही तीन माह के बाद ही उक्त स्थानों पर फुटपाथ टूटने लगा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नाला, सड़क चौड़ीकरण एवं फुटपाथ निर्माण कराने वाले दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये पानी की निकासी एवं टूटे फुटपाथ की पुनर्मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

---

रैन बसेरा का निर्माण

*1343. श्री नन्द किशोर यादव— क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना में बेघर गरीबों को अस्थायी रूप से रात गुजारने के लिये 20 रैन बसेरों का निर्माण किया गया है जो अतिक्रमित हो चुके हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन रैन बसेरों को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के साथ नये रैन बसेरों के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र स्थापित करना

*1344. श्री अमीत कुमार— क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखंड बैरगनियाँ सहित अन्य जगहों पर 50-50 एकड़ कृषि फॉर्म का जमीन है, यदि हाँ, तो वर्णित प्रखंड में किसानों के हित में कृषि अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

किसानों को बोनस देना

*1345. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने धान का सरकारी समर्थन मूल 1,470 रुपया प्रति क्विंटल निर्धारित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी स्तर पर धान की खरीद नहीं होने से किसान 1,000 से 1,100 रु0 प्रति क्विंटल की दर से बाजार में धान बेचने के लिये मज़बूर हो रहे हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्व में राज्य सरकार द्वारा घाटा की भरपाई करने के लिये किसानों को 350 रुपया प्रति क्विंटल की दर से बोनस दिया गया है परन्तु वर्तमान में उक्त प्रावधान नहीं है, यदि हाँ, तो किसानों को बोनस देने एवं सभी किसानों से धान अधिप्राप्ति हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

नियुक्ति करना

*1346. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माप-तौल नियंत्रण के लिये निरीक्षकों के स्वीकृत 93 पदों में से 52 तथा माप-तौल निरीक्षक के ऊपर के अधिकारियों के लिये स्वीकृत 27 पदों में से 18 पद पिछले 8 वर्षों से रिक्त हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पदों पर कबतक नियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलापूर्ति योजना चालू करना

*1347. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर नगर पंचायत के शहरी जलापूर्ति योजना के तहत चल रहे पेय जलापूर्ति कार्य योजना विभागीय शिथिलता के कारण 2012 से लम्बित है जिससे उक्त नगर पंचायत में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, तो सरकार उक्त जलापूर्ति योजना को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशन की दुकान खोलना

*1348. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड में दर्जनों राशन दुकान विगत तीन वर्षों से रद्द हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर द्वारा रद्द हुये दुकानों को दूसरे राशन दुकान में टैग कर दिया गया है जिससे आम लोगों को काफी दिक्कत होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रद्द दुकानों को नये सिरे से खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अमीन पदस्थापित करना

*1349. श्री मदन मोहन तिवारी--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 8 फरवरी, 2017 को प्रकाशित खबर ''चौदह माह से मानदेय लंबित, परेशानी बढ़ी'' के आलोक में क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिलान्तर्गत मझौलिया, बेतिया अंचल में एक-एक अमीन पदस्थापित है जिनका चौदह माह से वेतन लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मझौलिया अंचल में कुल 29 पंचायत है जहाँ जमीनी विवादों की मापी एक मात्र अमीन के जिम्मे है, यदि हाँ, तो खंड (1) में वर्णित लम्बित वेतन भुगतान एवं मझौलिया अंचल में दो अमीन पदस्थापित करने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

--------

जलापूर्ति करना

*1350. श्री (डॉ0) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत आमस प्रखंड के आमस में पेयजल आपूर्ति हेतु जलमीनार का निर्माण किया गया है परन्तु अबतक पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार जल आपूर्ति में देरी के लिये दोषी लोगों पर कार्रवाई करते हुये आमस में कबतक जल आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्ति

*1351. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2014-15 में 25,285 एकड़ सरकारी भूमि थी जो अतिक्रमण के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में घटकर 16,985 एकड़ रह गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

श्मशान घाट का निर्माण

*1352. श्री मिथिलेश तिवारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार अपने संसाधन से राज्य के विभिन्न जिलों में कब्रिस्तानों की घेराबंदी कर रही है जिसके अन्तर्गत राज्य के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में कब्रिस्तान का निर्माण हुआ है तथा शेष निर्माण वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रस्तावित है लेकिन राज्य का बहुसंख्यक समाज अपने मृत परिजनों का दाह-संस्कार बिना किसी सरकारी सुविधा के ही यथा उपलब्ध स्थानों, नदी, तालाब तथा पोखर के तट पर करने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार कब्रिस्तानों की घेराबंदी के साथ-साथ श्मशान घाटों की सुरक्षा व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना निर्माण का कार्य करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलापूर्ति करना

*1353. श्रीमती रंजु गीता--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विगत वर्षों में सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रखण्ड नानपुर के (1) भदियन (2) सीरसी (3) नानपुर (द०) एवं प्रखण्ड बोखड़ा के खड़का उत्तरी पंचायत में जलमीनार (पानी टंकी) का निर्माण ग्रामीण स्वच्छ जल योजना के आधार पर हुआ है, जिससे जलापूर्ति नहीं हो पा रहा है, क्योंकि गाँवों और कस्बों में मानक के अनुरूप पूर्णरूपेण सही ढंग से पाइप लाइन नहीं बिछाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित नवनिर्मित जलमीनार (पानी टंकी) का पाइप लाइन बिछाने व जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जल आपूर्ति कराना

*1354. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के पकरीवरावाँ प्रखण्ड के धमौल बाजार में सोलर पम्प द्वारा जलापूर्ति की जा रही है, परन्तु बाजार के कुछ भाग में पाइप नहीं लगाने से वहाँ जलापूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार शेष घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी के विरुद्ध कार्रवाई

*1355. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा, लखीसराय, पिपरिया, बड़हिया एवं चानन प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16 में किसानों को बीज न देकर बीज के नाम पर फर्जी भाउचर बनाकर सब्सिडी का रुपया गबन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिपरिया प्रखंड में बिना फसल लगाये नगदी फसल के नाम पर सरकारी राशि का गबन किया गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पर कार्रवाई

*1356. श्री रणविजय सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नया एपार्टमेन्ट ऐक्ट के तहत नया बनने वाले एपार्टमेन्ट का पहुँच पथ 20 फीट से कम नहीं होना चाहिये ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 13 के खाता संख्या 15, खेसरा संख्या /प्लॉट संख्या 1540, मौजा चितकोहरा में नया बन रहा एपार्टमेन्ट का पहुँच पथ मात्र 5 फीट है, जो एपार्टमेन्ट ऐक्ट 2016 का उल्लंघन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त एपार्टमेन्ट बनाने वाले दोषी पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जलापूर्ति चालू कराना

*1357. श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मीनापुर प्रखण्ड अन्तर्गत तुर्की पश्चिमी पंचायत में दो-दो पानी टंकी 2 वर्ष पूर्व तैयार हो चुकी है, परन्तु पाइप नहीं बिछाने के कारण अभीतक लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे आम ग्रामवासियों को पेयजल का संकट है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जलापूर्ति योजना को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जल-जमाव से निजात दिलाना

*1358. श्री (डॉ०) मो० नवाज आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा नगर निगम क्षेत्र में ब्रिटिशकालीन मुख्य 9 आउट फॉल नाले की तलीय सफाई वर्ष 1984 में हुयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1984 के बाद अबतक इस नाले की तलीय सफाई नहीं होने से शहर के मुख्य मार्गों पर नाले का पानी जमा हो जाता है, जिससे शहर के चारों ओर नारकीय स्थिति उत्पन्न हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नालों की तलीय सफाई कराकर शहर को जल-जमाव से निजात दिलाना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

मिल्क प्रोसेसिंग केन्द्र की क्षमता बढ़ाना

*1359. श्री श्याम रजक--स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र दैनिक में दिनांक 9 नवम्बर, 2016 को प्रकाशित शीर्षक ''डेहरी समस्तीपुर और सुपौल में खुलेंगे मिल्क प्रोसेसिंग केन्द्र'' के आलोक में क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में योजना प्रति व्यक्ति दूध की खपत राष्ट्रीय औसत प्रति व्यक्ति से कम 194 ग्राम है, जबकि स्वास्थ्य मानक योजना 220 ग्राम प्रति व्यक्ति है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मिल्क प्रोसेसिंग की क्षमता बढ़ाते हुये प्रति व्यक्ति रोजाना खपत राष्ट्रीय औसत के अनुरूप करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पम्प हाउस चालू कराना

*1360. श्री (डॉ०) संजीव चौरसिया--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना के अनिसाबाद स्थित रोड नं० 41 में स्थापित पम्प हाउस लगभग 15 वर्षों से बन्द रहने के कारण अनिसाबाद स्थित कई मुहल्लों के घरों में जल की आपूर्ति बन्द है, जिसके कारण लोगों को पानी के लिये इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पम्प हाउस को चालू कराकर लोगों को कबतक पीने का पानी आपूर्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## भवन का निर्माण

*1361. श्री प्रहलाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के मोरमा पंचायत के मोरमा गाँव में पशु चिकित्सालय खोलने की स्वीकृति विगत दो साल पूर्व दी गई है, परन्तु अभीतक सरकार द्वारा पशु चिकित्सालय का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे पशुओं के इलाज में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में पशु चिकित्सालय के भवन का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## शौचालय का निर्माण

*1362. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम क्षेत्र में टॉयलेट की भारी कमी को देखते हुये कुल 34 टॉयलेटों को बुडको द्वारा 2015 ई० में बनाने की योजना को स्वीकृति दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुडको द्वारा पटना नगर निगम को एक वर्ष पूर्व इस योजना के लिये जगह चिन्हित कर एन०ओ०सी० देने के लिये पत्र भेज गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित टॉयलेटों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## व्यवस्थित करना

*1363. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे बिहार में मांस, मछली की बिक्री खुले में की जा रही है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक एवं असुरक्षित है तथा दुर्गन्ध भी करता है, यदि हाँ, तो इसके व्यवस्थित एवं संगठित बिक्री कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

## उपस्थिति दर्ज कराना

*1364. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड में पशु चिकित्सालय का भवन दो वर्ष पूर्व से ही बनकर तैयार है, परन्तु पदस्थापित पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मीगण अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण पशुपालकों को ईलाज कराने में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक एवं कर्मीगण की उपस्थिति सुनिश्चित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जलमीनार चालू करना

*1365. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत डुमरी कटसारी प्रखण्ड के गाजीपुर गाँव में वित्तीय वर्ष 2010-11 में 53 लाख की लागत से जलमीनार का निर्माण कार्य हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार का वाटर टावर एवं ढ़ाई किलो मीटर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य 4 वर्ष पूर्व हो गया है, लेकिन बिजली कनेक्शन के अभाव में जलमीनार को चालू नहीं किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त जलमीनार को चालू कराने हेतु 6 माह पूर्व प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा शिवहर पी०एच०ई०डी० कार्यालय के सहायक अभियंता को बिजली कनेक्शन कर चालू करने हेतु पत्र लिखा गया फिर भी आजतक उक्त जलमीनार को चालू नहीं किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जलमीनार को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

*1366. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के नगर पंचायत वारिसलीगंज में फुलवारी गली से स्टेशन होते हुये सहनी टोला तक जल निकासी की व्यवस्था नहीं रहने से जल-जमाव हो जाता है, यदि हाँ, तो उक्त नाले का निर्माण कराने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

अमीन का पदस्थापन

*1367. श्री प्रभुनाथ प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के गड़हनी प्रखंड में विगत तीन वर्षों से अंचल अमीन की पदस्थापना नहीं होने से अंचल से संबंधित सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड में अंचल अमीन की पदस्थापन कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाले का जीर्णोद्धार

*1368. श्री रणविजय सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के हनुमाननगर (कंकड़बाग) में एम०आई०जी० 118 से एम०आई०जी० 108 के बीच का सिवरेज नाला अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण सिवरेज का पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे आम-जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नाले की कबतक उड़ाही कराने के साथ-साथ जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पशु चिकित्सालय का निर्माण

*1369. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखण्ड स्थित झिटकिया, कलौतहा पंचायत में पशु चिकित्सालय नहीं रहने के कारण वहाँ के पशुपालकों एवं किसानों को अपने पशु की चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार झिटकिया, कलौतहा पंचायत में पशु चिकित्सालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भूमि का निबंधन

*1370. श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने अनसर्वे लैण्ड/टोपू लैण्ड सर्वे के नाम पर सारण जिला के सोनपुर एवं दिघवारा प्रखण्डों में भूमि का निबंधन पिछले 3 वर्षों से बन्द कर दिया है तथा पूर्व से निबंधित भूमि का भी दाखिल-खारिज एवं जमाबन्दी का कार्य भी नहीं हो पा रहा है, जिससे किसानों एवं कास्तकारों के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है तथा छात्र-छात्राओं को आय/ओ०बी०सी० प्रमाण-पत्र आदि बनवाने में भी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों में भूमि का निबंधन, दाखिल-खारिज एवं जमाबंदी का कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

चिकित्सक एवं कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति

*1371. श्री महबूब आलम--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखण्ड के आबादपुर गाँव के पशु चिकित्सा केन्द्र में चिकित्सक एवं कर्मचारी उपलब्ध नहीं है, जिससे पशुधन की क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सा केन्द्र में कबतक चिकित्सक एवं कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

जलमीनार का निर्माण

*1372. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के लखना पंचायत के मजगामा गाँव में जलमीनार नहीं होने के कारण उक्त गाँव के आम जनता को शुद्ध जल नहीं मिलता है, यदि हाँ, तो सरकार मजगाँवा गाँव में जलमीनार का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*1373. श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के सिकन्दरा वि०स० क्षेत्रान्तर्गत सिकन्दरा मुख्य चौक एवं सिकन्दरा बाजार के मुख्य पथ को स्थानीय लोगों एवं अस्थाई दुकान लगाकर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमित कर दिया जाता है, जिससे लोगों को प्रतिदिन जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मुख्य पथ को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

धान क्रय केन्द्र खोलना

*1374. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड में धान क्रय केन्द्र नहीं होने के कारण यहाँ के किसानों को अपना धान बिक्री करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार हरसिद्धि प्रखण्ड में कबतक धान क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कृषि विश्वविद्यालय खोलना

*1375. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण परिक्षेत्र राज्य का सबसे बड़ा कृषि उत्पादन का क्षेत्र है तथा यहाँ की 90 प्रतिशत आबादी कृषि कार्य पर निर्भर है तथा यहाँ एक भी कृषि विश्वविद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो यहाँ कृषि विश्वविद्यालय खोलने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

----------

पाइप की मरम्मती

*1376. श्री अजीत शर्मा--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''रिसाव रोकने में पैन इंडिया विफल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर नगर निगम में पैन इंडिया के माध्यम से जलापूर्ति किया जा रहा है, जिसमें शहर में विश्वविद्यालय बहुउद्देश्यी प्रशाल के समीप एवं बूढ़ा नाथ चौक सहित अन्य जगहों पर पाइप लीकेज की वजह से स्वच्छ पानी सड़क पर बहता है, यदि हाँ, तो इसे रोकने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

राशि उपलब्ध कराना

*1377. श्री दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला में मुख्यमंत्री नगर विकास योजना अन्तर्गत दिनांक 04 मई, 2016 को जिला संचालन समिति की बैठक में नगर पंचायत सिमरी-बख्तियारपुर एवं नगर परिषद् सहरसा के लिये क्रमशः दो एवं छः योजनाए निर्माण के लिये स्वीकृत की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग के प्रधान सचिव ने पत्रांक 7867, दिनांक 25 अक्टूबर, 2016 द्वारा जिला पदाधिकारी, सहरसा को निर्देशित किया है कि जिलास्तरीय संचालन समिति द्वारा स्वीकृत योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु राशि संबंधित नगर निकाय को उपलब्ध करा दिया जाय ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना निर्माण के लिये जिला पदाधिकारी, सहरसा द्वारा निकाय को राशि उपलब्ध करायी गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जिला में उपलब्ध राशि को संबंधित निकाय को दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जलमीनार का पुणरूद्धार

*1378. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 2 प्रखंड में बाल्मीकिनगर पंचायत में वर्ष 1964 में तीन जलमीनार का निर्माण हुआ था जो अब बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीनों जलमीनार का पुणरूद्धार कराकर कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्ति

*1379. श्री केदार प्रसाद गुप्ता--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड में किनारू पंचायत में सामुदायिक भवन को जिसमें विद्यालय चल रहा है आमलोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा सी० ओ०, कुढ़नी को कहने के बावजूद भी सामुदायिक भवन को खाली नहीं कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

धान क्रय केन्द्र खोलना

*1380. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड को धान का कटोरा कहा जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तरारी प्रखंड क्षेत्र में धान की बम्पर पैदावार के बावजूद धान क्रय का समुचित सरकारी व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान औने-पौने दाम पर विचौलिये के हाथ धान बेचने पर मजबूर हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ↑रारी प्रखंड क्षेत्र में धान क्रय हेतु कौन-सी कार्रवाई करने की विचार रखती है ?

शीतक केन्द्र की स्थापना

*1381. श्रीमती समता देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखंड में दूध शीतक केन्द्र नहीं होने से दूध उत्पादकों का दूध खराब हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार बाराचट्टी प्रखंड में दूध शीतक केन्द्र कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि उपलब्ध कराना

*1382. श्री गुलाब यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी के नगर पंचायत, झंझारपुर के द्वारा राज्य योजना मद के कुल छः योजनाओं में सड़क मुख्य नाला एवं एल० ई० डी० लाइट लगाने के प्रस्ताव के प्राक्कलन राशि की माँग 2015-16 में की गई थी, परन्तु अबतक प्राक्कलित राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित योजनाओं के लिये प्राक्कलित राशि विमुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जन-वितरण का दुकान खोलना

*1383. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर ग्राम पंचायत के काला दियारा वार्ड संख्या 1 के 253 और 2 के 198 कुल 451 कार्डधारियों को राशन गाँव से लगभग 5 किलो मीटर दूर गंगा नदी के पार क्रमशः अमदाबाद, फुलचंद मण्डल और झब्बु टोला के मो० नाजीर की जन-वितरण दुकान से उपलब्ध कराया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नागरिकों की सुविधा हेतु निकटतम गाँव में जन-वितरण प्रणाली विक्रय दुकान खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बस स्टैंड का स्थानांतरण

*1384. श्री (डॉ०) सुनिल कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालान्दा जिला मुख्यालय विहारशरीफ में रामचन्द्रपुर बस स्टैंड के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क जाम से मुक्ति के लिये कारगिल चौक पहाड़पुर पर नया बस स्टैंड करीब पाँच वर्ष पूर्व बनाया गया था, जिसका स्थानांतरण अभीतक नहीं हो पाया है, जिसके कारण शहर में सड़क जाम की स्थिति बनी हुई है, यदि हाँ, तो खंड (1) में वर्णित बस स्टैंड को नया बस स्टैंड पर ले जाने हेतु सरकार की क्या योजना है ?

रास्ता उपलब्ध कराना

*1385. दिनेश चन्द्र यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखण्ड के चकभारो पंचायत में पहाड़पुर मध्य में जाबीर मास्टर टोला में पचास महादलित (राम) परिवार रहते हैं, जिसे घर से निकलने का कोई रास्ता नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित (राम) टोले की जमीन अधिग्रहित कर कबतक रास्ता उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

दुग्ध क्रय केन्द्र खोलना

*1386. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत भितहा एवं ढकराहा प्रखण्ड पहाड़ी क्षेत्र है जिसमें दूध का उत्पादन काफी होता है, परन्तु डेयरी उद्योग तथा दुग्ध क्रय केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में दुग्ध क्रय केन्द्र खोलने हेतु कौन-सी कार्रवाई का विचार रखती है ?

------------

फसल बीमा देना

*1387. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में राष्ट्रीय फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 की प्राकृतिक आपदा से बर्बाद रब्बी फसल की मुआवजा का भुगतान अभीतक नहीं हो पाया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला में इस योजना के भुगतान का कार्य बजाज कम्पनी को दिया गया है, जिसने फसल बीमा की राशि का वितरण ठीक से नहीं किया है, जिससे किसान परेशान हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जिला में फसल बीमा का लाभ पहुँचाने का विचार रखती है ?

------------

अवैध कब्जा से मुक्ति

*1388. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के खादी ग्रामोद्योग संघ, नरसिंहपुर, पीरापुर, बेनीबाद एवं बालू घाट की जमीन पर विगत पाँच वर्ष पूर्व अवैध कब्जा कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जगह को खादी ग्रामोद्योग संस्था की जमीन को कबतक अवैध कब्जा से मुक्त कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

कोल्ड स्टोरेज खोलना

*1389. श्री राजेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखण्ड में सरकार कोल्ड स्टोर का अभाव होने के कारण उत्पादित है, सब्जी बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्वी चम्पारण के हरसिद्धि प्रखंड में कोल्ड स्टोर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मछली का उत्पादन बढ़ाना

*1390. श्री नन्द किशोर यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रतिवर्ष 6.20 लाख टन मछली की खपत होती है, किन्तु उत्पादन मात्र 5 लाख टन ही है;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्पादन एवं खपत के इस अन्तर का मुख्य वजह राज्य में मछली का उत्पादन प्रति हेक्टर 2,800 कि0ग्रा0 है जबकि आंध्र प्रदेश में 6,000 कि0ग्रा0 प्रति हेक्टेयर मछली का उत्पादन होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में प्रति हेक्टेयर मछली का उत्पादन बढ़ाने का विचार रखती है ?

------------

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*1391. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के परमानन्दपुर में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जाति बाहुल्य बसावट में सौर ऊर्जा चालित पम्प के साथ मिनी पाईप जलापूर्ति योजना की प्राक्कलित राशि 20.735 लाख रुपया का निर्माण कार्य की स्वीकृत्यादेश संख्या 6/ज0गु0-108-12-321, दिनांक 20 फरवरी, 2013 द्वारा कार्यकारी एजेन्सी-मेसर्स सूर्या इन्टरनेशनल को एकरारनामा संख्या SBD-01/2015-16 द्वारा 4 दिसम्बर, 2015 से कार्य प्रारम्भ किया गया था जिसे 3 दिसम्बर, 2016 तक कार्य समाप्त कर जलापूर्ति प्रारम्भ कराना था, जबकि अबतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण नहीं कराने वाले दोषी पदाधिकारी एवं एजेन्सी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि का भुगतान

*1392. श्री शमीम अहमद--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखण्ड अन्तर्गत विगत 2 वर्षों से बकाये डीजल अनुदान की राशि किसानों को उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्ड में कबतक किसानों के बकाये डीजल अनुदान की राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*1393. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखण्ड के काढ़ागोला घाट पर शहर के सभी क्षेत्रों से आनेवाले शवों को जलाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बढ़ती महंगाई के कारण लोग लकड़ी के अभाव में शव को आधा-अधूरा जलाकर छोड़ देते हैं, जिस कारण वहाँ की स्थिति अस्त-व्यस्त रहती है तथा महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काढ़ागोला घाट पर विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

ट्रैफिक लाइट ठीक कराना

''क''*1394. श्री श्याम रजक--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 फरवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''ज्यादातर ट्रैफिक लाइटें बेकार, कहीं सिर्फ यलो तो कहीं ग्रीन जल रही'' के अलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर के विभिन्न चौराहों पर 2016 में ट्रैफिक लाइट्स लगायी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसमें से अनिशाबाद चौराहा, पटेल चौक, दरोगा राय पथ, आर० ब्लॉक चौराहा सहित ज्यादातर ट्रैफिक लाइट खराब हो गयी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि विभिन्न प्रचार सामग्रियों के होर्डिंग के कारण वाहन चालकों को ट्रैफिक लाइट पूर्णत: नहीं दिखाई पड़ती है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी ट्रैफिक लाइट को पूर्ण रूप से ठीक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

अधिनियम का पालन करना

*1395. डॉ० रामानुज प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जनवरी, 2017 को प्रकाशित शीर्षक ''न अधिकारी, न पुलिस, कैसे हो मापतौल नियंत्रित'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के लोगों को मापतौल की धोखाधड़ी से बचाने हेतु सरकार ने बिहार विधिक माप विज्ञान प्रवर्तन नियमावली बनाई है, जो 1 अप्रैल, 2014 से लागू है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 1 अप्रैल 2016 एवं 31 दिसम्बर, 2016 के बीच प्रदेश के 38 जिलों में विभागीय अधिकारियों और निरीक्षकों ने 21844 दूकानों का निरीक्षण किया, निरीक्षणोपरान्त उक्त नियमावली के अनुपालन में कमी पाये जाने पर 12,221 व्यवसायियों को नोटिस दिया गया, लेकिन जप्ती की कार्रवाई केवल 75 मामलों में हुयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधिनियम का कड़ाई से पालन हेतु कौन-सा कदम उठाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट --''क'' परिवहन विभाग के ज्ञापांक 910, दिनांक 23 फरवरी, 2017 द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग में स्थानान्तरित ।

पार्क बनाना

*1396. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के लखीसराय नगर में एक भी पार्क नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शहरवासियों के बच्चों के मनोरंजन हेतु शहर में विकसित पार्क बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

नगर पंचायत बनाना

*1397. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला का पंडौल बाजार, भगवतीपुर बाजार सरिसवपाही और राजनगर बाजार नगर पंचायत बनने की सभी शर्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्रों को कबतक नगर पंचायत बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जलकरों की उड़ाही

*1398. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पंडौल प्रखण्ड के कमलाधार, रकसाही, पोखर दमारी, खैराती पोखर सहित कुल 25 जलकर की उड़ाही नहीं होने के कारण जाम हो गये हैं और मत्स्यजीवी लोगों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जलकरों का उड़ाही कराने का विचार रखती है ?

------

पेयजल आपूर्ति केन्द्र का निर्माण

*1399. श्री (मो०) नवाज आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत आरा विधान-सभा क्षेत्र के कराड़ी पंचायत के मानपुर गाँव में अर्द्धनिर्मित पेयजल आपूर्ति केन्द्र है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शीघ्र इसे पूर्ण निर्माण कराकर पेयजल आपूर्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पशु चिकित्सालय की स्थापना

*1400. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज अनुमंडल में अनुमंडलीय पशु चिकित्सालय का निर्माण अभीतक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उदाकिशुनगंज में अनुमंडलीय पशु चिकित्सालय की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है ?

चिकित्सा केन्द्र खोलना

*1401. श्री रामविलाश पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के रामनगर अठनियाँ, खवासपुर, दौलतपुर एवं कहलगाँव प्रखण्ड के सौर, पन्नुचक एवं वंशीपुर में पशु चिकित्सा केन्द्र नहीं रहने के कारण इस क्षेत्र में पशुपालकों को काफी कठिनाई होती है, साथ ही पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर कबतक पशु चिकित्सा केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण

*1402. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कुरसेला संगम तट पर विद्युत् शवदाह गृह नहीं होने से लोग शव को आधा-अधूरा जलाकर छोड़ देते हैं, जिस कारण वहाँ की स्थिति अस्त-व्यस्त रहती है तथा महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कुरसेला संगम तट पर कबतक विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पेयाऊ केन्द्र चालू करना

*1403. श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के शेरघाटी प्रखण्ड परिसर, बस स्टैण्ड इत्यादि जगह पर पेयाऊ केन्द्र का निर्माण हुआ था जो निर्माण के कुछ ही दिनों के बाद से बन्द है, जिससे लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार दोषी पदाधिकारी एवं संवेदकों पर कार्रवाई करते हुये कबतक पेयाऊ केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पटना :
दिनांक 9 मार्च, 2017 (ई०)।

रामश्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 121–डी०टी०पी०-500